(58)

कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून ।

पत्रांक : 2207 / वाद सं0 एल–0002/एस–9/2024, **दिनांक: 3/10/2024**

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,

देहरादून।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि कुमारी रूचि डंगवाल एवं अन्य/हितबद्ध व्यक्ति/भू–स्वामी कोलागढ फूलसनी रोड़ मसन्दावाला देहरादून द्वारा उपरोक्त पते/स्थल पर लगभग 06 से 07 बीघा भूमि पर बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये भूमि पर भूखण्डों हेतु सी.सी. सड़क निर्माण/चिन्हीकरण / समतलीकरण, एवं प्लाटिंग का कार्य किये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा उत्तराखण्ड (उ0प्र0 नगर योजना एंव विकास अधिनियम 1973) संशोधन अधिनियम 2009 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राधिकरण में वाद संख्या **एल–0002/एस–9/2024,** योजित किया गया है। क्षेत्रीय अभियन्ता के आख्यानुसार दिनांक 18.09.2024 के क्रम में विपक्षी द्वारा रोड़ डिमार्केशन एवं अन्य डिमार्केशन का कार्य किया गया है। एवं विपक्षी द्वारा असत्य शपथपत्र भी प्रस्तुत किया गया है, उक्त चालान शुद्धा निर्माण/विकास कार्य को प्राधिकरण द्वारा दिनांक 08/10/24.........को ध्वस्त किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार नियत तिथि को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबधित थानाध्यक्ष को पर्याप्त पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ठ करें।

भवदीय,

पी0अधि0/अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून।

प्रतिलिपिः–1 जिलाधिकारी महोदय, देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि नियत तिथि को उक्त कार्य को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु एक मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की कृपा करें।

2– पुलिस अधीक्षक, नगर देहरादून को इस आशय से कि नियत तिथि को ध्वस्त की कार्यवाही शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

3– सम्बन्धित थानाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि प्राधिकरण स्टाफ के साथ समुचित पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4– सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता/अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रीकल्स)/समस्त प्रोसेस सर्वर को इस निर्देश के साथ कि नियत तिथि व समय यपर प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर प्रश्नगत अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

5– नाजिर को इस निर्देश के साथ कि नियत दिनांक को ध्वस्तीकरण से संबन्धित समस्त सामग्री (जे0सी0बी0) संबन्धित सहायक अभि0/ अव0 अभि0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6– **श्री कुमारी रूचि डंगवाल एवं अन्य/हितबद्ध व्यक्ति/भू–स्वामी कोलागढ फूलसनी रोड़ मसन्दावाला** देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्माण दिनांक..08/10/24......को ध्वस्त किया जाना है। विपक्षी नियत तिथि स्थल पर उपस्थित रहकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादन करवायें। शेष नियम व शर्तें पूर्व प्रेषित पत्र सं0 2811 दिनांक 22.07.2024 के अनुसार मान्य होगी।

भवदीय,

03/10

पी0अधि0/अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून।